PPMN

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैनवाल, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

एज्यूकेशन विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 23 » जयपुर: 8 जुलाई 2025 से 22 जुलाई 2025 » RNI No : RAJHIN/2002/09810 »

बच्चा बड़ा होकर राम बनेगा या रावण ये शिक्षक के हाथ

बच्चों को भविष्य के हिसाब से गढ़े शिक्षक

का. सं. / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शिक्षा मंत्री भजन दिलावर ने कहा है कि बच्चे का भविष्य कैसा होगा ये स्कूल के शिक्षकों के हाथ में है। स्कूल में शिक्षक यदि अच्छा पढ़ाता है। बच्चों को अच्छे संस्कार देता है तो वह बड़ा होकर आदर्श नागरिक बनेगा लेकिन यदि शिक्षक अपने कर्तव्य में लापरवाही करता है तो बच्चों को नुकसान होता है। बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह है। वह बड़ा होकर राम जैसा बनेगा या रावण की तरह होगा ये शिक्षक पर निर्भर करता है। शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। दिलावर अंता में महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय रातडिया में आयोजित पुस्तकालय कक्ष के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का विशेष जोर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर है। इसके लिए लगातार सरकार प्रयास कर रही है। हमने प्रदेश के सभी 970 महात्मा गांधी विद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारंभ कर दिए हैं ताकि बच्चों को विज्ञान विषय के अध्ययन के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

मुख्यमंत्री का चूरू दौरा- राज्य सरकार जनकल्याण को समर्पित

हमारी सरकार गरीब को गणेश मानकर कर रही है सेवा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

शिविरों के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सपना हो रहा है साकार

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को समर्पित है और इसी भावना के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा एवं महिला इन चारों जातियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा हम संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को गति मिलेगी।

शर्मा चूरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चूरू अपनी अनूठी स्थापत्य कला और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। साथ ही, तालछापर अभयारण्य के काले हिरण और प्रवासी पक्षियों का कलरव प्रकृति प्रेमियों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। यहां की कलात्मक हवेलियां, भित्तिचित्र और अन्य ऐतिहासिक धरोहर चूरू के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से रूबरू कराती हैं।

आमजन को एक ही स्थान पर मिल रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ : शर्मा ने कहा कि इन शिविरों में रास्तों से अतिक्रमण हटाने, भूमि के स्वामित्व मिलने जैसे बरसों से लंबित काम पूरे हो रहे हैं। साथ ही, शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 10 हजार गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को पौध वितरण, मृदा नमूनों के संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण पशुपालकों को मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी इन शिविरों में किए जा रहे हैं।

गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का हो रहा उत्थान : मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। उनके द्वारा शुरू की गई गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे

पं. दीनदयाल उपाध्याय
अन्त्योदय संबल पखवाड़ा- 2025
दिनांक: 08 जुलाई, 2025
मुख्य अतिथि : श्री भजन लाल शर्मा, मु. मं. रा.
श्री चरण दास जी महन्त
श्री हरीश चन्द्र मीणा
श्री बाबूलाल बैरवा
श्री अजय भट्ट
श्री राजेन्द्र पारीक
श्री राजेन्द्र गुढ़ा
श्री जवाहर सिंह बेढ़म
श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
श्री हीरा देवी
श्री कन्हैया लाल चौधरी
श्री मदन दिलावर
श्री सुरेश रावत
श्री हेमन्त मीणा
श्री अविनाश गेहलोत
श्री दिलावर
श्री जवाहर सिंह बेढ़म
श्री गोविन्द सिंह डोटासरा
श्री अशोक चांदना
श्री रामलाल जाट
श्री रामनिवास गावड़िया
श्री रामनारायण मीणा
श्री रामनिवास सुथार
श्री रामनिवास जाजड़ा
श्री रामनिवास गोदारा
श्री रामनिवास मिर्धा
श्री रामनिवास बुरड़क
श्री रामनिवास जाखड़
श्री रामनिवास बेनीवाल

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। हम सभी कुछ ना कुछ विशेष योग्यता के स्वामी होते हैं। कुछ लोग ज्ञान को अपने अंदर समेटे होते हैं। कुछ लोग अपनी भाषाशैली व विनम्रता पर अच्छी पकड़ रखते है। कुछ लोग शारीरिक ताकत का महत्व रखते हैं तो कुछ लोग समस्याओं, उलझन को हल करने में महारथ होते है। हर व्यक्ति अपनी-अपनी योग्यताओं का इस्तेमाल अपने व अपने परिवार के लिए करता है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपनी योग्यताओं का इस्तेमाल अपने साथ-साथ अन्य लोगों के समस्याओं को हल करने में, अन्य लोगों की मदद करने में, अन्य लोगों का मार्गदर्शन करने में, अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए भी करते हैं। ऐसे लोग समाज में अपना विशेष स्थान बना लेते हैं। अक्सर कुछ लोग सत्य को बर्दाश्त नहीं कर सकते क्योंकि सत्य उनकी सारी सच्चाई खोल देता है, जो लोग सत्य पर चलते हैं, कई बार सत्य को साबित नहीं कर पाते क्योंकि झूठे व कमजोर लोगो के समूह में सत्य की कोई अहमियत नहीं होती, झूठे लोगो के सामने बार-बार सत्य आता रहता है लेकिन सत्य को स्वीकार करने की उनकी हिम्मत नहीं होती, इसलिए वह सत्य को इधर-उधर छुपा कर झूठ का आवरण बनाए रखना चाहते हैं और एक झूठ को छुपाने के लिए अनेक झूठ का सहारा लिया जाता है। कई बार सत्य की राह पर चलने वाले कुछ लोग निराश व हताश नजर आते हैं, वह बार-बार सत्य को सिद्ध करने का प्रयास करते हैं लेकिन जो लोग सब कुछ जानते हुए भी सत्य को स्वीकार नहीं करते, ऐसे लोगों से बार बार चर्चा करना/ बहस करना और जिद करना व्यर्थ साबित होता है क्योंकि वह सत्य को छुपाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इसलिए कहा है झूठे व कमज़ोर लोगो के सामने सत्य सिद्ध करने के लिए किसी जिद जरूरत नहीं होती, सत्य सही समय पर स्वयं सिद्ध हो जाता है। अक्सर हम अपने बीते हुए समय को याद करते है, जिनमे कुछ बहुत अच्छा होता है तो कुछ बहुत पीड़ादायक बिता है। कुछ उपलब्धिया होती है तो कुछ हमारी गलतियाँ होती है। कुछ अच्छे और मजबूत साथी मिलते है, तो कुछ हमसे सदा के लिए बिछड़ जाते है। हमारे जीवन में बीता हर पल हमें कुछ ना कुछ सीखा जाता है और हमें हर घटना से कुछ ना कुछ सीखने का प्रयास करते रहना चाहिए। हमें अपने बीते क्षणों से अच्छे भविष्य का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि भविष्य की मजबूती हमारे वर्तमान से बनती है और प्रेरणा हमें हमारा भूतकाल देता है, हमें अपने भूतकाल की घटना से सीखते हुए वर्तमान बिताना और भविष्य के लिए उज्ज्वल रास्ते बनाने का प्रयास करना चाहिए। अपने भूतकाल के निर्णयों पर चिंतन करते हुए वर्तमान में बेहतर कदम उठाने चाहिए जिससे हमारे भविष्य के सपने पूरे हो और हम उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ सके। जय हिन्द। जय भारत।

आरयूएचएस में पोस्टमार्टम सुविधा शुरू

मेडिको लीगल केस की स्थिति में नहीं जाना पड़ेगा एसएमएस या जयपुरिया अस्पताल, सभी रिपोर्टस होंगी ऑनलाइन

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में आरयूएचएस अस्पताल में लगातार विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि सवाई मानसिंह अस्पताल पर भार कम हो तथा आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक और बेहतर विकल्प मिल सके। आरयूएचएस अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के सुवृद्धीकरण की दिशा में अब पोस्टमार्टम सेवा भी प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही ये सभी रिपोर्ट मेडिकल पोर्टल पर ऑनलाइन तैयार होकर समय पर पुलिस थाने तथा न्यायालय में ऑनलाइन ही सबमिट होगी। इससे रिपोर्ट समय पर वाइरल होगी और रिपोर्ट की गोपनीयता भी बनी रहेगी। इसके लिए सभी संबंधित चिकित्सकों व स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने बताया कि आरयूएचएस अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा नहीं होने से आरयूएचएस सहित आस-पास के अन्य निजी अस्पतालों से पार्थिव देह को जयपुरिया अस्पताल या एसएमएस अस्पताल ले जाना पड़ता था। ऐसे में मेडिको लीगल केस में पोस्टमार्टम में काफी समय लगता था। इससे परिजनों एवं संबंधित थाना पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए आरयूएचएस अस्पताल में ही पोस्टमार्टम की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इससे मेडिको लीगल केसों में पोस्टमार्टम समय पर हो सकेगा और परिजनों एवं पुलिस को सहूलियत होगी।

आरयूएचएस के अधीक्षक डॉ महेश मंगल ने बताया कि हाल ही प्रतापनगर क्षेत्र की एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी तथा एक युवक की मृत्यु जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई थी। ये दोनों मामले आरयूएचएस अस्पताल लाए गए थे। इन दोनों के शवों का पोस्टमार्टम आरयूएचएस अस्पताल में ही किया गया। उल्लेखनीय है कि एक अप्रेल से आरयूएचएस अस्पताल में मेडिको लीगल आउट डोर सुविधा एवं समस्त भर्ती मरीजों के मेडिको लीगल प्रकरणों में विशेषज्ञ राय की सुविधा प्रारंभ कर दी गई थी। अब मेडिको लीगल पोस्टमार्टम सेवा भी अस्पताल में प्रारंभ कर दी गई है। इससे प्रताप नगर थाना क्षेत्र सहित आस-पास के क्षेत्र के लोगों को मेडिको लीगल सेवाओं के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। आरयूएचएस अस्पताल का साईट पर रजिस्ट्रेशन भी कराया जा चुका है। यह पोर्टल मेडिको लीगल केसों के संबंध में व्यवस्थित एवं सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध करवाता है।

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने धोलपुर को सौंपी विज्ञान केन्द्र की सौगात

विद्यार्थियों की सोच को मिलेंगे पंख, विज्ञान केन्द्र देगा धौलपुर की वैज्ञानिक चेतना को नया आयाम

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। धौलपुर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध धरती पर विज्ञान और नवाचार की एक नई दिशा जुड़ गई है। केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने धौलपुर जिला मुख्यालय पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर स्थित सूचना केंद्र में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्थापित धौलपुर विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने विज्ञान केंद्र का अवलोकन किया तथा वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत डिजिक्स विज्ञान प्रयोगों, मॉडल को न केवल सराहा बल्कि विज्ञान के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझने, समझाने और उन्हें दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जागरूकता का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के बाद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नवाचार और विज्ञान का युग है। केन्द्र सरकार द्वारा अकांक्षी जिलों में विज्ञान केंद्रों की स्थापना उसी सोच का विस्तार है। इसके देश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक चेतना का विस्तार हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत अब वैज्ञानिक नवाचारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचना हो या ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का स्थानीय अनुभव, नवीनतम तकनीक और पुरातन ज्ञान परम्परा के समन्वय से नवाचार कर समाधान करना हो, भारत ने वैश्विक मंच पर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी दृढ़ उपस्थिति दर्ज करवाई है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने केंद्रीय मंत्री से संवाद करते हुए विज्ञान में रुचि, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने इसे अपने लिए अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि अब विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे उसे स्वयं प्रयोग कर सीख सकेंगे और समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। छात्राओं ने सुझाव दिए कि राज्य के अन्य जिलों में भी इसी प्रकार विज्ञान केंद्रों की स्थापना की जाए।

जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा विज्ञान की जानकारी जब बच्चों के पास पहुँचती है तो वह केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती, वह उनके जीवन के निर्णयों में झलकने लगती है। यह विज्ञान केंद्र हमारे युवाओं को तकनीकी और डिजिटल युग के साथ तालमेल बिठाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा संस्थान के निदेशक डॉ देवाशीष मोहंती, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ राजेश एच गोखले तथा राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक डॉ विजय शंकर शर्मा ने विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों और उपलब्धियों की जानकारी दी।

जिला कलक्टर श्रीविधि बी टी ने सभी गणमान्य अतिथियों और वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान केंद्र धौलपुर के लिए केवल एक संरचना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चेतना की उड़ान का रन वे है। अब धौलपुर की पहचान सिर्फ बीहड़ों तक सीमित नहीं रहेगी, यह जिला प्राकृतिक पर्यटन, वैज्ञानिक सोच और सतत् विकास की नई इबारत लिखेगा। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, पूर्व विधायकगण सुखराम कोली और गिर्राज सिंह मलिंगा, रानी रिसौंटिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा, राजवीर सिंह राजावत, इंदु जाटव, डॉ शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया भवन का अवलोकन

अजमेर में राजकीय जनजाति बालिका आवासीय छात्रावास में संचालित होगा सेटेलाइट अस्पताल

ब्यूरो चीफ (रिपोर्ट)/ परिष्कार पत्रिका

अजमेर। अजमेर जिले के कोटड़ा क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन के पूरा होने तक नवोदित सैटेलाइट अस्पताल पुष्कर रोड स्थित राजकीय जनजाति बालिका आवासीय छात्रावास छात्रावास भवन में शीघ्र संचालित होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भवन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देश दिए कि शीघ्र भवन में विद्युत कनेक्शन करवाएं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा राजकीय सैटेलाईट चिकित्सालय कोटड़ा के सफल संचालन के लिए भवन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय जनजाति बालिका आवासीय छात्रावास अजमेर के भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन की अवस्थिति, संरचना तथा चिकित्सालय संचालन के उपयुक्त मानकों की समीक्षा की गई। उपस्थित अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय संचालन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा कि कोटड़ा में बनने वाला सैटेलाइट अस्पताल एक लाख आबादी को कवर करेगा। यहां सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पर दबाव कम होगा। बजट में ही अजमेर को सैकड़ों-करोड़ के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। यह अस्पताल करोड़ों रूपए की लागत से तैयार होगा। इसमें 50 बैड होंगे। यहां सभी विभागों की सेवाएं मिलेंगी। अजमेर उत्तर में फिलहाल संभाग का सबसे बड़ा जवाहर लाल नेहरू अस्पताल है लेकिन पूरे संभाग के मरीजों का दबाव रहने से चिकित्सा

व्यवस्थाओं पर असर पड़ता है। इसी तरह शहरी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंचशील में है। अब नया अस्पताल बनने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की एक लाख आबादी को राहत मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम अजमेर के नवनिर्माण पर काम कर रहे हैं। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। इसी तरह जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सुपर स्पेशिलटी सेवाओं के लिए बीघ ही इस पर काम शुरू होगा। इन सेवाओं के उपलब्ध हो जाने से संभाग के मरीजों को उपचार के लिए जयपुर या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चिकित्सा उन्हें अजमेर में ही मिल जाएगी। अस्पताल की नवीन इकाइयों को भी जल्द शुरू किया जाएगा।

विद्या भारती ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

बौद्धिक और शारीरिक रूप में राष्ट्र को समृद्ध करने वाली शिक्षा की जरूरत : राज्यपाल

ब्यूरो चीफ (रिपोर्ट)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट्र को बौद्धिक और शारीरिक रूप में सुदृढ़ करना आज के दौर की सर्वाधिक जरूरत है। विद्या भारती के शिक्षण संस्थान देश में इसी के लिए कार्य करते हैं। एलन मस्क के कहे की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका को भी आज भारतीय इंजीनियरों की आवश्यकता है। राज्यपाल बागडे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विद्या भारती के प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने



कहा कि भारत ने ही जीरो की संख्या विश्वभर को दी। इसी से आगे की गिनती प्रारंभ हुई। उन्होंने कहा कि शिवकर बापूजी तलपड़े ने 1895 में भारत में पहला हवाई जहाज उड़ाया था पर विमान उड़ाने का श्रेय राइट बंधुओं को मिला। राज्यपाल ने विनोबा भावे के कहे की चर्चा करते हुए कहा कि जिस दिन देश में आज़ादी के बाद झंडा बदला गया, उसी दिन देश की शिक्षा नीति में बदलाव होना चाहिए था। शिक्षा का भारतीयकरण होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मैकाले ने भारत में पश्चिमी शिक्षा पद्धति का प्रसार कर काले अंग्रेज तैयार किए। यह ऐसे हैं जो अपनी गौरवमय परंपरा से विमुख हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जितने गुरुकुल कभी भारत में थे उतने इंग्लैंड में विद्यालय नहीं थे। गुरुकुल में सर्वांगीण विकास की शिक्षा दी जाती थी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में 16 भाषाएं सिखाई जाती थी। आज तो तीसरी भाषा का भी विरोध किया जा रहा है। उन्होंने पुत सिखाये पालने कहावत की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान में तो पालने में ही बच्चों को सिखाना प्रारंभ कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना ही शिक्षाविदों का प्रमुख कार्य होना चाहिए। बागडे ने जर्मनी की चर्चा करते हुए कहा कि वहां प्राथमिक शिक्षा में सबसे अधिक वेतन मिलता है। शिक्षा की नींव प्राथमिक शिक्षा से ही तैयार होती है। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शिवप्रसाद ने कहा कि विद्या भारती संस्कार निर्माण के लिए देशभर में कार्य करती है। यह सामान्यजन के लिए सामान्यजन द्वारा संचालित किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की सोच से कार्य करने की सीख विद्याभारती देती है। मुख्य अतिथि योगी रमण नाथ महाराज ने कहा कि शिक्षा में आइक्यू की दौड़ में इक्यू की अवहेलना की जा रही है। इसी से समाज में भावनात्मक संवेदनशीलता का तेजी से अभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि माइंड सेटअप बदलने से ही शिक्षा नीति की सफलता संभव होगी। उत्सवंत खत्री ने कहा कि सफलता सार्थकता के साथ जुड़ेगी तभी वह महत्वपूर्ण होगी। पुलिस आयुक्तालय के अतिरिक्त आयुक्त कुंवर राहुबीर ने लक्ष्य को सर्वोपरि रखते हुए नई पीढ़ी को कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल बागडे ने प्रारंभ में विद्याभारती के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने संस्कार राजस्थान के स्मृति अंक जयदेव पाठक का लोकार्पण भी किया। अध्यक्ष परमेंद्र दशोरा ने सभी का आभार जताया।

Reg. No. : 243/81 Mob. : 8852009000 9351780937

Sanjay Memorial Sr. Sec. School
17, Janta Nagar, Sodala, JAIPUR - 302006
प्रवेश प्रारंभ
PLAY GROUP TO 12TH
HINDI/ENGLISH MEDIUM
No Admission Fee
RTE सी 25% आरक्षित
9वीं से 12वीं तक स्कूल कोचिंग सुविधा
11वीं एवं 12वीं कला वर्ग के छात्रों के लिए RAS फाउण्डेशन एवं सरकारी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी
वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से ही CA एवं CS फाउण्डेशन की तैयारी

समर्पण संस्था ने किया निर्मला ओडिटोरियम में 11वां शिक्षा दान महोत्सव का आयोजन

147 जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे फीस के चेक व शिक्षण सामग्री, 73 शैक्षिक दूतों का किया सम्मान

शैक्षिक सहयोग रनर ब्लेड की तरह है : डॉ रविप्रकाश मेहरडा

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शैक्षिक सहयोग रनर ब्लेड की तरह है। जैसे किसी रेस में सामान्य व्यक्ति के साथ दिव्यांग व्यक्ति की प्रतियोगिता हो तो स्वाभाविक है सामान्य व्यक्ति ही आगे रहेगा। लेकिन उसी दिव्यांग व्यक्ति के पैर में रनर ब्लेड लग जाये तो वह सामान्य व्यक्ति से भी आगे जा सकता है। इसी तरह शैक्षिक सहयोग उन जरूरतमंद विद्यार्थियों में रनर ब्लेड का कार्य करता है जो अभाव में है। उक्त विचार समर्पण संस्था के 11 वें शिक्षा दान महोत्सव में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा तभी सार्थक होती है जब हम समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील बनते है। इस धरती पर हम यात्री की तरह है हमें अपने सह यात्रियों का भी ख्याल रखना होगा।

इससे पूर्व शिक्षा दान महोत्सव की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके साथ समर्पण प्रार्थना का उच्चारण कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल, अंजलि माल्या व सुवक्षा माल्या ने करवाया और एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म द्वारा संस्था गतिविधियों की जानकारी दी गई। लोक कलाकार समर्पण आदर्श विद्यार्थी शरीफ खान ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित कुल 147 जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों को फीस के चेक व शिक्षण सामग्री भेंट की गई तथा सभी विद्यार्थियों को समर्पण आदर्श विद्यार्थी का कार्ड दिया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने वाले संस्था द्वारा नियुक्त 73 शैक्षिक दूतों को भी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ माल्या ने समर्पण आदर्श विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि पांच स्टेप्स लक्ष्य, एक्सन, डर का त्याग, दुर्व्यसनों से दूरी और स्वस्थ शरीर व ज्ञान से सफलता के शिखर पर पहुँचा जा सकता है।

इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि आई ए एस डॉ ओम प्रकाश बैरवा ने कहा कि शिक्षा से ही इन्सान का सम्पूर्ण विकास होता है। विशेष आमंत्रित अतिथि व संस्था के प्रधान पद प्रदर्शक डॉ बी एल जाटावत ने कहा कि दुनिया में कुछ भी असम्भव नहीं है। व्यक्ति यदि पूरा मनोयोग लगा दे तो कुछ भी हासिल कर सकता है। महोत्सव में आरती कुमावत व टीम ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया। गीतकार रमेश कुमार बैरवा ने शिक्षा के लिए प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। गायक रोहित बैरवा ने भी प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। महोत्सव में अतिविशिष्ट अतिथि आईएएस डॉ नीरजा के पवन शासन सचिव युवा मामले और खेल विभाग राजस्थान सरकार व अध्यक्ष राजस्थान राज्य खेल परिषद भी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि बी एस रावत चेयरमैन रावत एजुकेशनल ग्रुप, गंगा राम चौधरी आर्किटेक्ट एस के बेरी भी उपस्थित रहे।

एजुकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश वर्मा, नरेन्द्र सिंह रावत निदेशक रावत एजुकेशनल ग्रुप, पूर्णिमा पाठक शर्मा लेखिका, कवयित्री व समाज सेविका, आर्किटेक्ट अंकित शर्मा, मदन लाल वर्मा, युवराज शर्मा, जयन्त कुमार शर्मा उपस्थित रहे। महोत्सव में संस्था सदस्यों के अलावा अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। मंच संचालन शिवाली गुप्ता ऑल इंडिया रेडियो एंकर ने किया।

चंचल कंवर का एयरफोर्स में चयन

जैविभा विश्वविद्यालय की छात्रा का हुआ एयरफोर्स में चयन

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान मान्य विश्वविद्यालय की छात्रा चंचल कंवर का चयन इंडियन एयरफोर्स में चयन किया गया है। चंचल कंवर को अग्निवीर-वायु के रूप में चयनित किया गया है। इंडियन एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टेन एके भुवल ने चयनित होने और जोधपुर में उपस्थिति की रिपोर्ट देने के लिए कॉल लेटर जारी किया है। छात्रा चंचल कंवर अपने इस चयन के बाद विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ एवं शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। कुलपति प्रो दूगड़ ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रो जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को कॉरियर बनाने की शिक्षा भी प्रदान की जाती है। यहां नैतिकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को शिक्षा के साथ बल दिया जाता है। एनसीसी और एनएसएस से छात्राओं को समाजसेवा से जुड़ने और अपना आत्मबल बढाने का अवसर मिलता है।

6 परिवारों के 30 व्यक्तियों में चल रहा वर्षों का भूमि विवाद मिनिटों में हल

मुकदमा वापस, चेहरों पर छाई खुशी

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गरीबों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के तहत मंगलवार को तहसील स्तर पर आयोजित फॉलोअप शिविर में सुन्दर पुत्र जुवारा जाति मीणा व जगदीश, नाहरा, बजरंग तथा सुरा पुत्र रामजीवण निवासी रत्नपुरा द्वारा उपखण्ड अधिकारी फागी राकेश कुमार व तहसीलदार फागी रवि शेखर चौधरी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत करवाया की उनके मध्य खेतों व कुंए पर जाने वाले रास्ता संबंधी विवाद है। भूमि विभाजन नहीं होने के कारण प्रार्थीगण अपने हिस्से की भूमि का सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आपसी विवाद के कारण प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है एवं पुलिस थाना में भी मुकदमा दर्ज है। उपखण्ड अधिकारी द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए परिवादियों के बीच आपसी समझाईस की गई। परिवादियों द्वारा उपखण्ड अधिकारी की समझाईस पर न्यायालय में दर्ज प्रकरण जिसमें कुल 19 बीघा जमीन 10 खसरे एवं 06 परिवारों के 30 व्यक्तियों के बीच चल रहा विवाद आपसी सहमति से खत्म होने पर आपसी सहमति से विभाजन के कुर्रेजात मौके पर ही तैयार किये गये। वर्षों से चल रहे विवाद मिनिटों में खत्म होने एवं कुर्रेजात तैयार होने तथा पुलिस थानें में दर्ज मुकदमा वापस होने पर परिवादियों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। परिवादियों ने मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर आयोजित करवाने पर उनके परिजनों की ओर से कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है।

पेंशन का सत्यापन होने से अमरचन्द रैगर व गीता देवी बलाई को मिली राहत : पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के

अन्तर्गत मंगलवार को पंचायत समिति सांभरलेक में आयोजित ब्लॉक स्तरीय फोलोअप शिविर के अन्तर्गत प्राप्त सूचना के द्वारा ग्राम पंचायत नौरंगपुरा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी को भेजकर विशेष योग्यजन एवं वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना का सत्यापन करवाया गया जिससे प्रार्थी गीता देवी बलाई व अमरचन्द रैगर ने राहत की सांस ली और राज्य सरकार का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा फोलोअप शिविर आयोजित करने पर आभार व्यक्त किया।

भारत विकास परिषद टीम ने गौसेवा कर निराश्रितों जनों को दहीबड़े खिलाए

परवरदिगार जीव सेवा में बसते हैं : यशपाल यश

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भारत विकास परिषद वीर तेजाजी नगर ने ओउमश्रय सेवा धाम में गौमाताओं को हरा चारा खिलाकर निराश्रित जन प्रभुजनों को दही बड़े खिलाकर भोग लगाया। परिषद सेवा प्रकल्प प्रभारी भगवान दास गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर ओउमश्रय संस्थापक वैदिक चिंतक यशपाल यश ने स्वागत करते हुए कहा कि तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मोरा की भावना से मूक और निराश्रित जीवों की सेवा परम पिता परमात्मा को सच्चा भोग लगाना है। यश ने कहा कि सर्वव्यापक सर्वज्ञ सर्वस्वर्तमी परवरदिगार प्रभु ऐसी ही निष्काम सेवा में बसते हैं और सेवा दाताओं को सदैव समीप रखते हैं। इस अवसर पर सचिव देवेंद्र श्रीवास्तव पूर्व सचिव जगदीश गुप्ता भगवान दास गर्ग संयोजक सेवा प्रकल्प सचेश भटनागर कार्य कारिणी आलोक माथुर वासुदेव शर्मा आदि ने गौमाताओं को हरा चारा खिलाया तथा दही-मीठी चटनी सहित बड़ी वडे वितरित किए। यज्ञ में राम भरोसी शर्मा कांता देवी शर्मा किरण सक्सेना अनादि सक्सेना दीपक अवस्थी रिंकी दिलीप शर्मा प्रियंका शर्मा रेखा तथा तथा बच्चों ने आहुतियां दी।

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त
प्रकाश विद्या निकेतन सी.सै. स्कूल
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
प्रवेश प्रारंभ [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक (हिन्दी माध्यम)]
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

किसान, युवा, महिला एवं मजदूर के उत्थान में कारगर हो रहा है पखवाड़ा

मुख्यमंत्री ने सांगोद में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत शिविर का किया अवलोकन

ग्रामीणों की राह हो रही आसान, एक ही स्थान पर हो रहे काम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

अंत्योदय के संकल्प के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

सांगोद, कोटा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गांवों में किए जा रहे कार्य विकसित भारत-विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेशभर के गांवों में दिव्यांगों, महिलाओं, बुजुर्गों और वंचितों का उत्थान सरकारी योजनाओं के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित कार्य एक ही स्थान पर किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की राह आसान हो रही है। शर्मा कोटा के सांगोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर और सुपोषित मां अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चार जातियां- किसान, युवा, महिला एवं मजदूर बताई हैं। उनकी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की पहल की है जिसके अंतर्गत 24 जून से 9 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से व्यापक कार्य कर इन वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में सीमाक्षान, रास्तों के प्रकरणों का समाधान, बिजली के झूलते तारों को कसने का कार्य, पशुओं के टीकाकरण जैसे विभिन्न कार्य हाथ में लिए गए हैं।

ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकालेंगे : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकाला जाएगा। इसमें पांच हजार गांवों का सर्वे हो चुका है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने और किसान कल्याण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डेढ़ वर्ष के अल्प कार्यकाल में हमने 69 हजार पदों पर नियुक्तियां दी हैं और लगभग 1 लाख 88 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। वहीं हम किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर दृढ़ता के साथ कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में 22 जिलों में हम दिन में बिजली उपलब्ध भी करवा रहे हैं।

केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार से हर वर्ग और क्षेत्र का तेजी से विकास : शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास तेजी से कर रही हैं। महिला

कल्याण को प्रमुख्य प्राथमिकता देते हुए नीतियों एवं योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। हमने 14 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना के तहत प्रशिक्षण दिया है और लगभग 5 लाख 60 हजार महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना से 1 लाख बालिकाओं को लाभान्वित किया है। हमने पूर्वी कक्षा में प्रवेश लेने वाली 10 लाख बालिकाओं को साइकिल वितरित की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवा रही है। हमने कोटा जिले के विकास के लिए 3 हजार 30 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है।

पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल से अधिक डेढ़ साल में किया काम : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने डेढ़ साल के अल्प कार्यकाल में पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कार्यकाल से अधिक काम किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में केवल एक लाख 75 हजार स्वामित्व कार्ड का वितरण किया, जबकि हमारी सरकार ने 18 माह में ही साढ़े 9 लाख कार्ड वितरित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा जबकि गत सरकार 5 वर्षों में केवल 1 हजार 104 गांवों को ही जोड़ पाई। इसी प्रकार हमने बिजली उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावाट की वृद्धि की जबकि पूर्ववर्ती सरकार 5 वर्षों में 3 हजार 948 मेगावाट बढ़ा पाई।

वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण के संकल्प को साकार कर रहा अंत्योदय पखवाड़ा : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं बल्कि उस विचारधारा का सजीव रूप है, जिसमें समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण का संकल्प निहित है। राज्य सरकार ने इसी सोच के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की है ताकि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सेवा को सुशासन का आधार बनाया है। राज्य सरकार भी उसी सोच के साथ योजनाओं को पंचायत और गांव तक पहुंचा रही है। आज महिलाएं, युवा, किसान और मजदूर सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ रहे हैं। यह अंत्योदय की दिशा में एक ठोस कदम है।

हर गांव में बुनियादी सुविधाओं पर हो रहा प्रभावी काम : बिरला ने कहा कि हम किसानों को समय पर बिजलीए विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली देने के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। हर गांव को सड़क, अस्पताल और स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बिरला ने सुपोषित मां अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण आहार और अन्य जरूरी सहायता दी जा रही है। यह अभियान केवल मां और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि एक संस्कारित और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण का प्रयास भी है।

इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर में सिंकुर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अंत्योदय संबल शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर आमजन को दी जा रही राहत के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल पर तीन दिव्यांगों को बैटरी चलित साइकिल एवं पांच मेधावी बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित की।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर, सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम कुमार दक, विधायकगण संदीप शर्मा और कल्पना देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

संतों और मुनियों की वाणी समान रूप से प्रासंगिक

देवस्थान मंत्री ने आचार्य से लिया आशीर्वाद

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

सुमेरपुर, पाली। पाली जिले में सुमेरपुर के दुजाना में आचार्य भगवंत चिदानंद सूरीश्वर का दिव्य चातुर्मासिक प्रवेश सोमवार सुबह सादगीपूर्वक हुआ। प्रवेश उत्सव में आचार्य भगवंत चिदानंद सूरीश्वर म स का जैन संघ दुजाना की ओर से सत्कार किया गया। इस दौरान मंत्री जोराराम कुमावत ने शिरकत कर महाराजश्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमावत ने कहा कि भारत देश साधु-संतों का देश है। यह देश अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। भारतीय तीर्थंकरों, संतों और मुनियों की वाणी, उनकी शिक्षाएं विभिन्न युगों में समान रूप से प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि जैन संत की तप, तपस्या और कड़ी साधना करते हैं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे जैन संतों का हमेशा आशीर्वाद मिलता है। उनके आशीर्वाद से ही मुझे जीवन जीने का ज्ञान मिलता है। इस दौरान परम पूज्य चिंतामंड सूरीश्वर, परम पूज्य लक्ष्मी विजय, परम पूज्य विद्या सागर का भी सत्कार किया गया। संघ के अध्यक्ष अरविंद राणावत ने स्वागत वक्तव्य दिया। इस अवसर पर पाली के सांसद पीपी चौधरी, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी सहित अन्य गणमान्यजन ने पूज्य संत आचार्य भगवंत चिदानंद सूरीश्वर म.स. से आशीर्वाद लिया।

राष्ट्रीय धानका आदिवासी कार्मिक महासंघ ने बानसूर में किया आयोजन

शिक्षा एवं रोजगार पर जागरूकता कार्यशाला, अभिप्रेरण एवं कैरियर परामर्श शिविर आयोजित

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रीय धानका आदिवासी कार्मिक महासंघ नई दिल्ली की उप शाखा बानसूर जिला कोटपूतली बहरोड़ राजस्थान के द्वारा शिक्षा एवं रोजगार पर जागरूकता कार्यशाला, अभिप्रेरण एवं कैरियर परामर्श शिविर 29 जून 2025 को परशुराम भवन नारायणपुर रोड़ बानसूर जिला कोटपूतली बहरोड़ में आयोजित किया गया। सभी उपस्थित साथियों ने धानका समाज के मसीहा डाल चन्द आर्य आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, महात्मा ज्योतिबा राव फुले, माता सावित्री बाई फुले इत्यादि के छायाचित्रों पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत महासंघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सन्त राम धानका ने शिविर के विधिवत प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के शिक्षित, आर्थिक रूप से सम्पन्न, सक्षम समाज के महानुभावों एवं कार्मिकों को आगे आकर समाज के बच्चों के लिए छात्रावास एवं पुस्तकालय निर्माण करवाने तथा इनको प्रतियोगी परीक्षाओं में सहयोग एवं मदद करनी होगी क्योंकि बिना शिक्षा के समाज का विकास एवं उत्थान करना सम्भव नहीं है और इस कार्य को करने के लिए महासंघ की आवश्यकता है। शिविर में महासंघ के पदाधिकारियों एवं मुख्य वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर शिक्षा एवं रोजगार जागरूकता तथा कैरियर परामर्श व्याख्यान दिये और शिक्षा के माध्यम से समाज का विकास, बच्चों को विषय का चयन करना, स्कील एजुकेशन के साथ तकनीकी शिक्षा के द्वारा रोजगार प्राप्त करना, उच्च शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें और उच्च पदों पर नौकरी एवं रोजगार प्राप्त करने के साथ वकालात के माध्यम से रोजगार कैसे प्राप्त करें इत्यादि के बारे में महासंघ की विशेष टीम के विशेषज्ञों द्वारा जागरूकता पैदा करने के साथ उनको कैरियर परामर्श के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में महिलाओं को और बच्चों को अपने विचार एवं भावनाओं को प्रकट करने का अवसर दिया गया। महासंघ के वक्ताओं में सन्त राम धानका, राधेश्याम धानका तिजारा दीपक सोलंकी, दिल्ली सुकेश कुमार कायथ पीलीबंगा, रमेश कुमार खाण्डे जयपुर, सुरेश कुमार सोलिया दिल्ली, अनिल कुमार मौर्य बानसूर, ओम प्रकाश इंदौरिया पावटा एवं ओम प्रकाश तुर्किया दिल्ली ने अपने-अपने विषय पर व्याख्यान दिये।

इस शिविर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं बच्चों और महिलाओं के विचार रखने के लिए मंच पर अवसर दिया गया और विजेताओं को रजिस्टर एवं पेन देकर पुरस्कृत किया तथा इस शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को नोट पेड और पेन दिए गए। समाज के गणमान्य महानुभावों ने शिक्षा और रोजगार के लिए महिलाओं एवं बच्चों को अभिप्रेरित किया। सभी ने इस शिविर के आयोजन की सहराना करते हुये महासंघ से अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन समाज के बच्चों के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में करें ताकि समाज के बच्चों को इसका लाभ मिले और समाज के बच्चों एवं नागरिकों को शिक्षा एवं रोजगार के प्रति जागरूकता आयें ताकि समाज के गरीब और बेसहारा एवं आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को इसका लाभ मिलें तथा धानका समाज के विकास एवं उत्थान में सहयोग करने के लिए समाज के नागरिक महासंघ के साथ काम करने के लिए आगे आयें। इस शिविर में महासंघ के पदाधिकारियों, वरिष्ठ

सलाहकार एवं समाज के गणमान्य नागरिकों सहित रामावतार धानका, रामनारायण कायथ रमेश कुमार खांडे रमेश कुमार खरां गजराजसिंह किराड़ दिलीप कुमार मावर किशनलाल, सूरजमान धानका पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार कबुल महेश कुमार बिनोद कुमार रामचन्द्र सुनील कुमार मौर्य मुकेश कुमार मनोज कुमार मौर्य बाबूलाल खर्रा कालूराम हजारीलाल कटारिया सुरेश चन्द बाबूलाल मोहन लाल लुगरिया अशोक कुमार रवि कुमार बुलाराम खटक बाबूलाल मावर राधेश्याम मावर रमेश चन्द कैलाश चन्द मातादीन धानका रोहिताश ओंकार धानका ललित कुमार कटारिया श्यामलाल धानका एवं मक्खन लाल धानका आदि अनेकों गणमान्य समाज बन्धुओं, महिलाओं एवं बच्चों के साथ लगभग 600 से अधिक गणमान्य महानुभावों ने भाग लिया। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका की ओर से श्रवण सिंह किराड़ विदेशक, हेमलता किरार, परिष्का किरार एवं रविसिंह किराड़ संपादक उपस्थित रहे हैं। उन्होने सन्त राम धानका मुख्य कार्यकारी अधिकारी महासंघ एवं महासंघ के पदाधिकारियों सदस्यों एवं स्थानीय टीम बानसूर के सभी सदस्यों का दिल से धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। संपादक रवि सिंह किरार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों की समाज के युवाओं को बहुत आवश्यकता है। क्योंकि वे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर भी मार्गदर्शन के आभाव में अपना बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते। ऐसे में उन्हें प्राईवेट या सरकारी नौकरियों की तैयारियों की अपेक्षा सरकार में जाने की तैयारी करनी चाहिए। ताकि वे सक्षम अधिकारी के रूप में समाज में चेतना का प्रवाह कर सके। एसडीएम, कलक्टर, आयुक्त, मुख्य सचिव आदि के पद पर पहुंच कर ही हम सामाजिक सोच के साथ अपने समाज के उत्थान में अपना योगदान दे सकते हैं। इसलिए कठिन परिश्रम के साथ सही दिशा भी जरूरी है और ऐसे कार्यक्रम समाज के युवाओं को सही कैरियर चुनने में मदद करते हैं। समाज को कलक्टर, मजिस्ट्रेट की आवश्यकता है। शिविर का मंच संचालन मुरारीलाल धानका, प्रचार-प्रसार प्रभारी, महासंघ हमीरपुर बानसूर के द्वारा किया गया और अंत में महेंद्र सिंह मौर्य अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी बानसूर ने शिविर समाप्ति की घोषणा कर धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया। इस शिविर में सभी के लिए महासंघ की उप शाखा बानसूर की टीम के सदस्यों के द्वारा चाय, नाश्ता, भोजन एवं पानी इत्यादि की बहुत ही शानदार व्यवस्था की गई जो कि वाकई काबिले तारीफ थी।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

पेच रिपेयर कार्य एवं जल भराव निस्तारण के लिए युद्ध स्तर पर अभियान जारी

आमजन की सुविधा के लिए जेडीए वर्षा जनित समस्याओं के समाधान के हेतु प्रतिबद्ध

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण वर्षा के दौरान उत्पन्न हो रही समस्याओं विशेषतः सड़कों की क्षति और जलभराव के निस्तारण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेडीए द्वारा शहरभर में पेच रिपेयर कार्य व जलनिकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि हाल की भारी वर्षा के कारण कई प्रमुख सड़कों पर आमजन को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुएए जेडीए ने तुरंत कार्यवाई करते हुए अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र में पेच रिपेयर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जेडीए की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना है। पेच रिपेयर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। जेडीए के विभिन्न जोनों के अधिशासी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टों के साथ-साथ कोल्ड मिक्स पद्धति का उपयोग कर पेच रिपेयर कार्य लगातार करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन और ड्रेनेज की खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर भी प्राथमिकता से पेच रिपेयर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत न केवल मुख्य सड़कें, बल्कि वे सड़कें भी शामिल हैं जो वर्षा से अधिक प्रभावित हुई हैं। जेडीए आमजन से अपील करता है कि वे इस दौरान धैर्य रखें और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। जेडीए द्वारा सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुसार किए जा रहे हैं और मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्राधिकरण प्रतिबद्ध है। **जलभराव की समस्या पर जेडीए की पहल :** पिछले मानसून के दौरान जयपुर में विभिन्न स्थानों पर होने वाले जलभराव और वर्षा जनित समस्याओं से निजात पाने के लिए जेडीए ने कई क्षेत्रों में पिछले वर्ष ही कार्य शुरू कर दिए थे, जिससे इस वर्ष कुछ स्थानों पर आमजन ने राहत मिली है। कुछ अन्य स्थानों पर अगले मानसून में और राहत दिये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

सीकर रोड पर ड्रेन के कार्य से इस वर्ष आमजन को काफी राहत मिली है : सिरसी रोड पर सी-जोन बाईपास से भी ड्रेन का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे अगले मानसून में आमजन को राहत मिलेगी। शिवशक्तीपुरा कच्ची बस्ती में पिछले 20 वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे आमजन के लिएए जेडीए ने पंपिंग स्टेशन के माध्यम से पानी को निकर कर सीवर लाइन के जरिए एसटीपी तक पहुंचाने के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। आने वो वर्ष में स्थानीय निवासियों एवं आमजन को इसका लाभ होगा। पिछले वर्ष नंदपुरी अंडरपास, एयरपोर्ट टर्मिनल-2, जयसिंहपुरा, बजरी मंडी, विद्याधरनगर, लूनियावास सहित अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों में कार्य शुरू कर दिए गए हैं, जिनमें कुछ स्थानों पर त्वरित और कुछ पर दीर्घकालिक प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका असर इस वर्ष भी नजर आ रहा है और जल भराव से ट्रैफिक बाधित होने की समस्या में कुछ राहत मिली है।

बाढ़ नियंत्रण हेतु मजबूत व्यवस्था : इस वर्ष आमजन को त्वरित राहत देने के लिए आठ स्थानों पर उप-बाढ़ नियंत्रण केंद्र बनाए गए हैं, जो पहले बनीपार्क में एक मुख्य केंद्र और तीन उप-केंद्रों तक सीमित थे। इसके अतिरिक्त कोल्ड मिक्स मैटेरियल का उपयोग कर पेच कार्य किए जा रहे हैं और शीघ्र ही रोड एम्बुलेंस द्वारा भी पेच रिपेयर कार्य शुरू किए जाएंगे। जेडीए द्वारा बाढ़ नियंत्रण केंद्रों पर आमजन से शिकायत प्राप्त होते ही तुरंत निस्तारण किया जा रहा है। जेडीए का प्रयास है कि आमजन की प्रत्येक शिकायत का निस्तारण किया जा सके। जेडीए का यह प्रयास शहरवासियों के लिए राहत देने वाला सिद्ध हो रहा है और जयपुर की सड़कों की स्थिति में सुधार से आमजन को बेहतर सुविधाएं मुहैया हो रही हैं। जेडीए आम नागरिकों से अपील करता है कि कार्य के दौरान धैर्य बनाए रखें और आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। जेडीए द्वारा सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं और इन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु सतत प्रयास जारी हैं।

विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई

बढ़ती जनसंख्या एक गंभीर चुनौती है, जनगणना के लाभ अभी दूर की कोड़ी : नफीस आफरीदी

नफीस आफरीदी
स्वतंत्र पत्रकार

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इस दिनए 1987 में, दुनिया की आबादी 5 अरब हो गई थी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि के मुद्दों, जैसे कि परिवार नियोजन, लिंग समानता, गरीबी और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। वर्ष 1989 में, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यूएनडीपी की गवर्निंग काउंसिल ने इस दिन को मनाने का फैसला किया‍ए और 1990 में, पहला विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। विश्व जनसंख्या दिवस का प्रमुख उद्देश्यसतत विकास के लिए जनसंख्या के महत्व पर जोर देना और मानव अधिकारों, विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों, को बढ़ावा देना है। यह दिन दुनिया भर में सरकारों, गैर सरकारी संगठनों और व्यक्तियों के लिए जनसंख्या वृद्धि के मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाता है। जातिगत जनगणना देश में एक ज्वलंत मुद्दा बन चुका है और इस दिशा में काम प्रारम्भ हो चुका है लेकिन इसके दूरगामी लाभ दूर की कोड़ी है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का लिंगानुपात 943 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष था। भारत में युवा आबादी का अनुपात अधिक है, लेकिन वृद्ध जनसंख्या भी तेज़ी से बढ़ रही है। भारत का जनसंख्या घनत्व अधिक हैऔर यह तेज़ी से बढ़ रहा है। साक्षरता दर की बात करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की प्रभावी साक्षरता दर 74.04 प्रतिशत थी। जनसंख्या वृद्धि के प्रभाव जानना चाहें तो पता चलता है बढ़ती जनसंख्या के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल और बुनियादी ढांचे जैसी सेवाओं पर दबाव बढ़ रहा है।

जनसंख्या को यदि सही ढंग से प्रबंधित किया जाए, तो यह मानव पूंजी के रूप में देश की अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, और कौशल विकास में निवेश करके मानव पूंजी को मज़बूत करना होगा। इस दिशा में शहरी क्षेत्रों में विकास को टिकाऊ बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए आय असमानता को कम करने के लिए उपाय करने होंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस पर ज़ोर देते रहे हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जातिगत जनगणना कराना अंततः स्वीकार कर सकारात्मक रवैया अख्तियार किया है। इससे योजनाओं का लाभ वंचित वर्गों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। भारत में जनसंख्या वृद्धि एक जटिल मुद्दा है जिसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हमारे सामने आते हैं। जनसंख्या वृद्धि के प्रबंधन के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनसंख्या वृद्धि देश के विकास में योगदान करे, न कि बाधा बने। भारत में हर रोज़ लगभग 20करोड़ लोग भूखे पेट सोते हैं, यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 194 मिलियन लोग कुपोषण से पीड़ित हैं। दुनियाभर में कितना खाना फेंका जा रहा है संयुक्त राष्ट्र फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2024 इसकी कहानी कहती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल सालाना कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत हिस्सा बर्बाद हो रहा है, जो करीब 105.2 करोड़ टन के बराबर है। जाहिर, दुनिया में कितने लोग भूखे पेट सो जाते हैं, देश में कितने कुपोषित हैं और कौन सा देश सबसे ज्यादा खाना बर्बाद कर रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की 125 देशों की लिस्ट में भारत को 111वें पायदान पर रखा गया है, जो साफतौर पर दिखाता है कि देश में अभी भी हर किसी को पर्याप्त पोषण से भरपूर भोजन नहीं मिल रहा है। ऐसे में देखा जाए तो देश में खाने की बर्बादी किसी अपराध से कम नहीं है। दुनियाभर में 33 फीसदी खाना हर साल बर्बाद हो जाता है। इसको लेकर जागरुकता फैलाने के लिए हर साल स्टॉप फूड वेस्ट डे मनाया जाता है। आईएनसी के अनुसार देश में 67लाख बच्चे भूखे पेट सो जाते हैं- यानी वे वो बच्चे हैं, जिन्हें 24घंटों में कुछ भी खाने को नहीं मिलता। यह देश की सच्चाई है लेकिन मोदी सरकार अपने हवा-हवाई दावों और भटकाऊ विज्ञापनों से जनता का ध्यान भटकाने में व्यस्त रहती है। जैसे-नीति आयोग अपने आंकड़ों से बताता है कि देश में लोग गरीबी रेखा से बाहर आ रहे हैं। प्रधानमन्त्री मोदी कहते हैं कि हम देश के 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे हैं। शर्म की बात है कि देश के 67लाख बच्चों को खाना नसीब नहीं होता है। इसके लिए हमारी सरकारी नीतियों में ही कहीं कोई दोष है जिन्हें दूर करना होगा।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत में 80 फ़ीसदी से ज्यादा युवाबेरोजगार हैं। बेरोज़गारी की बात तब तक पूरी नहीं होती, जब तक हम श्रमबल भागीदारी दर को न देखें। अगर लोग नौकरी की तलाश छोड़ देते हैं, तो बेरोज़गारी दर अपने आप कम हो जाती है। भारत में बेरोज़गारी भयावह है। इसमें भी युवाओं की स्थिति तो बेहद गंभीर है। पूरे बेरोज़गारों में 80 फीसदी से ज़्यादा युवा हैं। युवा यानी देश का भविष्य। और भविष्य तो पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनमी बनाने का सपना देखा गया है। सन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है। क्या युवाओं को बिना किसी रोज़गार के यह संभव है/ यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि एक नई रिपोर्ट चेताने वाली है। रिपोर्ट ने एक बार फिर भारत के शिक्षित युवाओं के बीच उच्च बेरोज़गारी के मुद्दे को उजागर किया है। इसमें बताया गया है कि 2022 में कुल बेरोज़गार आबादी में बेरोज़गार युवाओं की हिस्सेदारी 82.9 प्रतिशत थी। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा तैयार भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024 में कहा गया है, भारत में बेरोज़गारी मुख्य रूप से युवाओं, विशेष रूप से माध्यमिक स्तर या उससे अधिक शिक्षा वाले युवाओं के बीच एक समस्या थी और यह समय के साथ बढ़ती गई।

नफीस आफरीदी
राज विला, बी-70, फर्स्ट फ्लोर, प्रगति पथ, बजाजनगर, जयपुर-15

निराश्रितों एवं जरूरतमंद लोगों के अस्थि कलशों को गंगा में विर्जित किया

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। स्वैव की भांति इस बार भी सद्भावना के सिपाही संगठन के सदस्य वरिष्ठ समाजसेवी जीडी केसवानी एवं उनके साथी सुरेंद्र कुमार, रमेश कुमार अप्पूजानी, गिरधारी लाल धामेचाणी एवं राजेश जोशी ने जयपुर से एकत्रित की गई, निराश्रितों एवं जरूरतमंद लोगों के करीबन 100 अस्थि कलशों को जयपुर में पूजा करने के बाद उनका विधिवत और पूजा के साथ हरिद्वार की गंगा नदी में विसर्जित किया गया। इस पुण्य कार्य के लिए महेंद्र शांडिल्य अध्यक्ष राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने केसवानी एवं उनके साथियों को अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार के लिए रवाना किया। यह सेवा गुजरे करीबन 18 वर्षों से मानवता को समर्पित कर निशुल्क जनहित में की जा रही है। जो प्रभु श्रीकृष्ण को अर्पित है।

मजदूर आंदोलन के जन्मदाता की 28वीं पुण्य तिथि पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका जयपुर। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र एआईसीटीयू की राज्य शाखा राजस्थान ट्रेड यूनियन केन्द्र आरसीटू की ओर से मजदूर आन्दोलन के जन्मदाता कामरेड मोहन पुनमिया की 28वीं पुण्य तिथि पर पूरे प्रदेश में सेमीनार, गोष्ठी एवं श्रृद्धांजली सभा आयोजित की गई।

आरसीटू के प्रान्तीय अध्यक्ष का रामपाल सैनी एवं महामंत्री का गोपीकिशन ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि का मोहन पुनगिया की 28वीं पुण्य तिथि पर 4 जुलाई 2025 को सुबह 08 बजे अजमेर रोड स्थित पुनमिया स्टेच्यू पर एक श्रृद्धान्जली सभा का आयोजन किया गया, जिसमे मान इण्डस्ट्रीज चन्द्रा इण्डस्ट्रीज, 22 गोदाम, पैरिस एलाईसेस, कानोता, वीकेआई झोटवाडा आदि इण्डस्ट्रीयल एरिया के सैंकड़ों श्रमिक एवं पुनमिया के परिजनों ने भाग लिया। श्रृद्धान्जली सभा को सम्बोधित करते हुये आरसीटू के प्रदेशाध्यक्ष का रामपाल सैनी ने का पूनमिया की जीवनी का जिक्र करते हुये बताया कि पूनमिया ने अपनी पूरी जिन्दगी शोषित व पीड़ित एवं श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए समर्पित की तथा उनकी त्याग व कुर्बानी का जिक्र करते हुये श्रमिकों को अपने अधिकार सुरक्षित रखने के लिए एकता व संघर्ष के रास्ते पर चलने का आव्हान किया। साथ ही पुनमिया की सुपुत्री डॉ विद्या जैन एवं दामाद डॉ एलसी धोका द्वारा स्टेच्यू में कराये गये सौन्दर्यकरण के लिए धन्यवाद किया। सभा को महारानी कॉलेज की पूर्व प्राचार्या विद्या जैन, डॉ एलसी धोका, आशा दुआ, का रमेश चतुर्वेदी, का अवधेश सिंह दिनौप सिंह का रामावतार मीणा सहित अन्य श्रमिक नेताओं ने सम्बोधित किया तथा अन्त में का पुनमिया की स्टेच्यू पर फूल चढ़ाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावभिनी श्रृद्धान्जली अर्पित की गई।

वार्ड 70 में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

का.सं/ परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर के वार्ड 70 में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मानसरोवर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विपिन सिंगल का स्वागत किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे साथ विभिन्न विकास समितियां के सदस्य तथा विस्थापित पाकिस्तानी मेघवाल समाज के नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने अपने समस्याओं से भी अवगत कराया जिसके लिए मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक उनकी समस्याओं को पहुंचाने का तथा समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में वार्ड पार्षद रामावतार गुप्ता ने बताया कि वार्ड के विभिन्न पार्कों में अब तक 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं, उन्होंने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

हार्दिक शुभकामनाएं

अभीषेक वर्मा
पुत्र श्री राजेश वर्मा
के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पीटीआई के पद पर एक वर्ष पूरा होने पर माता-पिता ने मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं देकर हुमाशीष प्रदान किया।

Regd. No. 240/80 Mob.: 7665252481

राजस्थान सरकार एवं मा.शि.बो. द्वारा मान्यता प्राप्त

प्रकाश विद्या निकेतन सीनियर सैकण्डरी स्कूल

शान्ति नगर, अजमेर रोड, जयपुर

prakashschool111@gmail.com
prakashvidhyaniketanschool5873

कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय
नर्सरी से बारहवीं तक
PLAY GROUP TO XII

FREE ADMISSION OPEN

सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम

विज्ञान वर्ग	- 100%	कला वर्ग	- 100%
वाणिज्य वर्ग	- 99%	दसवीं	- 99%
आठवीं	- 100%	पाँचवीं	- 100%

- आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन।
- विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन।
- वाहन सुविधा उपलब्ध।
- वाटर कूलर द्वारा पेयजल व्यवस्था।
- सभी कक्षाओं में फर्नीचर की व्यवस्था।
- कमजोर विद्यार्थियों के निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएँ।
- सर्वाधिक गार्गी पुरस्कार दिलाने वाले एक मात्र विद्यालय।
- सांस्कृतिक एवं खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन।

फूलवती चौहान, संस्थापक, मो.: 9352495768
सिद्धार्थ सिंह चौहान, निदेशक, मो.: 7665252481
राजेश शर्मा, समन्वयक, मो.: 6350373115

श्री कन्या सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय

अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सह शैक्षणिक संस्था

आकड़ मार्ग, बनीपार्क, जयपुर - फोन : 0141-2202026

प्रवेश प्रारम्भ

विशेषताएँ :-
- प्रशिक्षित, समर्पित एवं अनुभवी स्टॉफ
- उत्कृष्ट पुस्तकालय
- सुसज्जित प्रयोगशालाएँ
- विशाल क्रीडा प्रांगण
- छात्रवृत्ति सुविधा (RTE)
- सदाबार पाठशाला (भिण्डो के रास्ते के) विद्यार्थियों का इस शाला में कक्षा I X th to XII th प्रवेश पर फीस में छूट।
- फीस आपके बजट में, स्वच्छ व खुला वातावरण
- 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की फीस में विशेष छूट
- वाहन सुविधा उपलब्ध

प्रवेश प्रारम्भ : नर्सरी से कक्षा XII | कला एवं वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय

हार्दिक शुभकामनाएं

विजयलक्ष्मी सी. सै. स्कूल
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम]
[सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

प्रवेश प्रारम्भ

राजेश वर्मा
प्रिंसिपल

28-29, नटराज विहार कॉलोनी, सिरसी रोड, मांकरोटा, जयपुर
मो. 9351552934

PRIME TRACK

Trackon Couriers Pvt. Limited

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हरवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

SADACHAR PUBLIC SCHOOL

Nursery, L.K.G., U.K.G. & 1st to VIIIth

ENGLISH MEDIUM

CONVEYANCE FACILITY

RTE Seat Available

ADMISSION OPEN 2025-2026

Akar Marg, Bani Park, Jaipur | Ph.: 0141-2202026

Reg. No. 259/2001 Estd. 2001

Jai Maa Saraswati Vidhyapeeth Sr. Sec. School

54, Durga Vistar Colony, Raval Ji Ka Bandha, Behind NBC Quarters, Jaipur, Rajasthan 302006

Nur. to XII Hindi & English Medium (Arts & Com.)

Admission OPEN Now

Congratulations to All My Dear Students & Parents

Our Goals & Ambitious :-
1. In this session, we have started a Special program for students and their parents in our School.
2. Compulsory medical insurance for all students.
3. Book-Bank has been started so that parents can besaved from the financial burden of buying books in the coming session.
4. To increase the students moral values, We have decided to go to OLD AGE HOME with students and their parents.

Our Facilities:
1. Live Camera on the Class.
2. Transport Facilities.
3. Computer Laboratories.
4. Libraries.
5. Sports Facilities.
6. Indoor & Outdoor Play Areas.

Director : Sanjay Sir Contact : 9251467543

LEARNING STEP SCHOOL®

Fundamentals Make Career...

PLAY GROUP TO XII | SCIENCE/COMMERCE/ ARTS / AGRICULTURE

NO.1 RANKED SCHOOL IN JAIPUR

ADMISSION OPEN 2025-26

Enroll Now

- Learning Through Workshops & Activities.
- Fully Air Cooled Rooms.
- Digital Classes.
- Qualified Trained Teachers.
- Developing The Sense of Independence.
- Equipping Our Students to Succeed In Life.
- Personalized Attention.

MAIN BRANCH:
44, 51, 51-A, Vishnu Colony, Sodala Ajmer Road, Jaipur

ABOUT US:
We are popular and Top Rated 'A Grade' School in Jaipur

CALL NOW: 9261999950

BRANCH - 1 P. No. 32, Satyendra Colony, Sodala, Jaipur Mob.: 9251999950
BRANCH - 1 222, Gomes Defence Colony, Vaishali Nagar, Jaipur Mob: 9358404005
BRANCH - 1 145-R, Narayan Vihar, Behind Kotecha Building, Ajmer Road, Jaipur Mob: 9358404008
BRANCH - 1 Gopalpura Mob: +91 92577 83315- Coming Soon
BRANCH - 1 Banipark Mob: +91 92577 83315. Coming Soon

Follow us on:

Email: learningstepschool@gmail.com | Visit us: www.learningstepschool.com

Parashar Children Paradise Public Sr. Sec. School

Hindi Medium Nur. to 12 th (Arts) Class
English Medium N.U.R. to 8th Class

रजि. नं. 403 स्थापित-1996-97

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल

विशेषताएं :
प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, श्रेष्ठ माहौल, साप्ताहिक टेस्ट, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, साप्ताहिक बाल सभा, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

ADMISSION OPEN

PARASHAR SCHOOL FAMILY

RAMLAL PARASHAR
DIRECTOR

FOR DETAILS
DIRECTOR 9351451481
PRINCIPAL 8114470073
Address
17, Park View Colony Behind NBC Quarters, Khatipura Road, Jaipur-06

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार, अंशुल किरार